दिनांक : 02.05.2025 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेष

## प्रधानमंत्री दक्षिण दौरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज तिरूवनंतपुरम में गहरे पानी के बहुद्देशीय अंतर्राष्ट्रीय सीपोर्ट विरिंग्यम् बंदरगाह का उद्घाटन किया। यह भारत का पहला अर्ध-स्वचालित बंदरगाह है। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि यह भारत के समुद्री आधारभूत ढांचे के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

प्रधानमंत्री आज आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा का दौरा भी करेंगे और राज्य की राजधानी अमरावती के निर्माण कार्य को फिर से शुरू करने की आधारशिला रखेंगे। इस कार्यक्रम में राज्य भर से चार लाख से ज़्यादा लोग शामिल होंगे।

## जीएसटी संग्रह

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा है कि अप्रैल में रिकॉर्ड वस्तु और सेवा कर- जीएसटी संग्रह भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती और प्रभावी सहकारी संघीय प्रणाली का परिचायक है। अप्रैल के लिए सकल जीएसटी संग्रह दो लाख 36 हजार करोड़ रुपये रहा। यह संग्रह अप्रैल 2024 में दो लाख दस हजार करोड़ रुपये के सकल संग्रह से 12 दशमलव छह प्रतिशत अधिक है। अप्रैल 2025 में कुल जीएसटी संग्रह दो लाख नौ हजार करोड़ रुपये तक पहुंच गया, यह अप्रैल 2024 के एक लाख बानवे हजार करोड़ रुपये के कुल संग्रह की तुलना में नौ दशमलव एक प्रतिशत अधिक है।

'आचार्य शंकर प्रकटोत्सव'

खंडवा के एकात्म धाम, ओंकारेश्वर में आज 'आचार्य शंकर प्रकटोत्सव' मनाया जा रहा है. इस कार्यक्रम के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव हैं जबकि अध्यक्षता स्वामी अवधेशानंद गिरी ने की. इस अवसर पर मुख्यमंत्री डा मोहन यादव ने कहा कि शंकराचार्य जैसे उच्चतम शिखर वाले व्यक्ति भी श्मशान गृह में तैनात एक व्यक्ति को अपना गुरु मानना हमारी महान सनातन परंपरा का परिचायक है.

वहीँ,स्वामी अवधेशानंद गिरी ने कहा कि गाय के बिना गति नहीं और गीता के बिना मति नहीं इसलिए गीता का संदेश गांव- गांव में पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने जगह- जगह गीता भवन बनाने की बात कही है, उनका यह निर्णय सराहनीय है।

वेव्स-वैश्विक मीडिया संवाद

वेव्स शिखर सम्मेलन में वैश्विक मीडिया संवाद आज सुबह मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में प्रारंभ हुआ। यह आयोजन वैश्विक मीडिया और मनोरंजन परिदृश्य के साथ भारत के जुड़ाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल चार दिवसीय वेव्स शिखर सम्मेलन का उद्‌घाटन किया था। विदेश मंत्री डॉ सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने उद्‌घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी और परंपरा को मिलकर साथ-साथ चलना चाहिए।

इस अवसर पर सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सभी से अपनी कहानी दुनिया के सामने रखने का उचित अवसर प्रदान करने और स्थानीय सामग्री का प्रचार करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस कार्यक्रम के दौरान सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन तथा सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू भी उपस्थित थे।

समाचार संक्षेप में.....

- पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल आज पन्ना में जल गंगा संवर्धन अभियान सहित विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत कर रहे हैं।
- नर्मदापुरम जिले में शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए 8 मई को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में युवा संगम रोजगार और स्वरोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।

  और

- विदिशा जिले की सिरोंज तहसील से शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे एक परिवार के चार लोगों की आज सड़क हादसे में मृत्यु हो गई जबकि 12 लोग घायल हों गए हैं.

नमस्कार।

---------------